आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

<u>कच्चा तेल</u>

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में 26 करोड टन कच्चे तेल के शोधन की क्षमता है। पश्चिम एशिया घटनाक्रम पर कल नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढोतरी नहीं की गई। संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार पीएनजी विस्तार पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों में पीएनजी कनेक्शन संबंधी आवेदन शुल्क और स्वीकृत समय–सीमा को व्यवस्थित करने के लिए गजट अधिसूचना जारी की गई है।

<u>हमारे पास लगभग सालाना 26 करोड़ टन कच्चे तेल को डिफाइन करने की कैपेसिटी उपलब्ध है। मैं बताना चाहती हूं कि पेट्रोल और डीजल के प्राइस में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। अतः मेरा आप सभी से आग्रह है कृपया अफवाहों पर ध्यान ना दें।</u>

<u>केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण</u>

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने होटल और रेस्तरां को निर्देश दिया है कि वे उपभोक्ताओं से एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लें। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कहा है कि वह देशभर में इस पर निगरानी रख रहा है और इसका उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्राधिकरण ने बताया कि सेवा शुल्क संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों से बचने के लिए ऐसे शुल्क लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने कहा कि ऐसे मामलों में लोगों को होटल या रेस्तरां से बिल से शुल्क हटाने का अनुरोध करना चाहिए।

<u>नवरात्र</u>

देश सहित प्रदेशभर में चैत्र नवरात्रे के आठवें दिन आज मां दुर्गा के अधिष्ठात्री महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। सौभाग्य धन सम्पदा, सौन्दर्य और स्त्री जनित गुणों की देवी महागौरी सृष्टि का आधार और अक्षत सुहाग का प्रतीक है। इस बीच राम नवमी का पर्व भी आज ही मनाया जा रहा है। यह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। प्रदेश के शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में प्रशासन द्वारा सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राम नवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान राम की महाकाव्यमय जीवन यात्रा हमें सार्थक जीवन के लिए सत्य, न्याय और सद्गुण के मार्ग पर चलने का मार्गदर्शन देती है।

पंचायत गठन रोक

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में 13 फरवरी के बाद अधिसूचित नई पंचायतों के गठन पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने यह अंतरिम आदेश जारी किया है। न्यायालय ने कहा कि 17 नवम्बर 2025 की अधिसूचना और आदर्श चुनाव आचार संहिता के प्रावधानों के तहत बिना राज्य चुनाव आयोग की मंजूरी के ऐसी कोई भी प्रकिया आगे नहीं बढाई जा सकती थी। न्यायालय ने कहा कि इसके बाद की अधिसूचनाओं को तब तक अस्तित्वहीन माना जाए जब तक कि राज्य चुनाव आयोग उन्हें विशेष छूट प्रदान न कर दे।

तबादला प्रतिबंध

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनावों को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस सम्बन्ध में आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पंचायत और शहरी निकायों के चुनाव 31 मई 2026 तक करवाए जाने हैं जिसके तहत मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण सहित विभिन्न चुनावी प्रकियाएं जारी हैं। नए निर्देशों के अनुसार चुनाव प्रकिया से जुडे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला चुनाव समाप्त होने तक नहीं किया जा सकेगा।

स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत नगर निगम हमीरपुर में स्वच्छता कर्मियों व स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कचरा प्रबंधन की बेहतर पद्धतियों, स्वच्छता बनाए रखने व स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिक ब्योरे के साथ हमारे हमीरपुर जिला सम्वाद्दाता

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता कर्मियों एवं स्वयं सहायता समूह (ैभ्ळ) के सदस्यों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम नगर निगम हमीरपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों और एसएचजी सदस्यों की कौशल एवं ज्ञान क्षमता को मजबूत करना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कचरा प्रबंधन की बेहतर पद्धतियों, स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। आकाशवाणी के लिए हमीरपुर से मैं हरीश नंदा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ है और धूप खिली हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने आज रात से मौसम के करवट लेने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सकियता के चलते आज रात से मौसम में बदलाव होगा जिससे आगामी 3–4 दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश व उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है।